हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 13 जनवरी 2024

06 जो जैसा करता है वैसा भरता है जीवन चक्र उसे छोड़ता...

07 विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम खमलाय पहुंची ...




## सीहोर में आयोजित 'वर्ड पावर चैंपियनशिप' राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हुई संपन्न

# राज्य स्तरीय वर्ड पावर चैंपियनशिप : विजेता छात्र अब मुंबई में राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम

अपर मिशन संचालक बोले प्रदेश के सरकारी विद्यालयों के बच्चे किसी से कम नहीं। प्रभारी कलेक्टर ने कहा राज्य स्तर पर बच्चों ने अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राज्य स्तरीय वर्ड पावर चैंपियनशिप ओलंपियाड प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। विजेता बच्चे अप्रैल में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने मुम्बई जाएंगे। विजेता बच्चों को अपर मिशन संचालक आर. उमा माहेश्वरी और प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने पुरस्कार प्रदान किए।

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों के बच्चे अब किसी से कम नहीं है। प्रदेश की विद्यालयीन शिक्षा में रटने की प्रवृत्ति से हटकर सीखने की क्षमता की गति में अद्भुत परिवर्तन आया है। यह बात राज्य शिक्षा केन्द्र की अपर मिशन संचालक आर उमा माहेश्वरी ने वर्ड पावर चैंपियनशिप की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कही। आर उमा माहेश्वरी ने कहा है कि शिक्षक बच्चों को समरसता पूर्ण भाव से शिक्षा देंगे तो निश्चित तौर पर प्रदेश की विद्यालयीन शिक्षा का परिदृश्य बदलेगा और हमारा प्रदेश देश में अन्य राज्यों से अग्रणी होगा। इस अवसर पर सीहोर जिले के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि यह सुखद बात है कि शासकीय विद्यालयों के कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने भी ओएमआर शीट का उपयोग कर शैक्षिक ओलम्पियाड में भाग लिया। उन्होंने बताया कि, शाला स्तर से संकुल, विकासखण्ड, जिला स्तर तक कक्षा 2 से 5 तक के करीब साढ़े 10 लाख बच्चों की सहभागिता के बाद आज हर कक्षा से चुने हुए टॉप 4-4 बच्चे आज जहां राज्य स्तर पर अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर रहे हैं। वर्ड पावर चैंपियनशिप की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन राज्य शिक्षा केंद्र मप्र और सहयोगी संस्था लीप फॉर वर्ड के द्वारा किया गया। इसमें प्रदेश के शासकीय विद्यालयों के कक्षा दूसरी से कक्षा पांचवीं तक के बच्चों ने प्रतिभागिता की।






इस प्रतियोगिता में कक्षा 2, 3, 4 व 5 के प्रथम और द्वितीय पुरस्कार विजेता बच्चों को मुंबई में अप्रैल में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राज्य शिक्षा केन्द्र के संयुक्त संचालक संजय पटवा ने इस समूचे आयोजन के मार्गदर्शन के लिए संचालक राज्य शिक्षा केंद्र धनराजू एस और इस कार्यक्रम से जुड़े विभागीय अधिकारियों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सहयोगी संस्था लीप फॉर वर्ड के संस्थापक प्रनिल नाइक, राज्य प्रमुख जसप्रीत सिंह गोराया, कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर आरपी त्रिपाठी, डॉक्टर लोकेश खरे, अशोक व्यास सहित अन्य अधिकारी, प्रतिभागी बच्चे, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### यह बच्चे रहे विजेता

वर्ड पावर चैंपियनशिप की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से भोपाल के प्रणीत सुलेखिया, कक्षा तीसरी से गुना के नमन लोधी, कक्षा चौथी में बालाघाट के चैतन्य कुम्भलवार एवं कक्षा पांचवी भिंड के विराट पांडेय ने प्रथम स्थान अर्जित किया है।

### विजेता बच्चों को मिले यह पुरस्कार

प्रथम विजेता बच्चों को पुरस्कार स्वरूप चैंपियन ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, गोल्ड मैडल, साइकिल, स्पोर्ट्स किट, टैबलेट, स्कूल बैग, टिफिन बॉक्स एवं वॉटर बॉटल दी गईं। साथ ही प्रथम विजेता बच्चों के शिक्षक के लिए मेटल फ्लैक्स एवं उसके विद्यालय के लिए टॉवर स्पीकर भी पुरस्कार स्वरूप दिया गया। सभी कक्षाओं के प्रतिभागी द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी पुरस्कार स्वरूप साइकिल, मैडल्स, स्पोर्ट्स किट, स्कूल बैग, टिफिन बॉक्स एवं वॉटर बॉटल दी गईं।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा वित्तीय सहायता योजना के आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**सीहोर।** भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय जबलपुर द्वारा संचालित बीड़ी श्रमिकों के अध्ययनरत बालक, बालिकाओं के लिए नेशनल स्कारलशिप पोर्टल (NSP) पर छात्रवृति का लाभ लेने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 तक कर दी गयी है। हितग्राही पोर्टल पर 31 जनवरी तक आवेदन कर सकते है।

### स्कूल शिक्षा विभाग की स्टार्स योजना

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग की स्टार्स परियोजना केन्द्र सरकार की विश्व बैंक से सहायता प्राप्त योजना है। इस योजना के तहत राज्य सरकार को केन्द्र सरकार से 60:40 के अनुपात में फण्ड प्राप्त होता है। यह राजस्व एवं पूँजीगत दोनों स्वरूप का है।इस योजना के तहत उन कार्यों को किया जाता है, जो समग्र शिक्षा अभियान के तहत नहीं किये गये है। इन कार्यों में सीमेट की स्थापना, कमाण्ड कंट्रोल सेंटर की स्थापना और शैक्षणिक सुधार से संबंधित प्रशिक्षण शामिल हैं।

### महिला रोजगार केंद्रित रोजगार मेले आयोजित होंगे

**सीहोर।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर महिला रोजगार को केन्द्रित करते हुए जिलों में स्व-रोजगार मेले और शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने जिलों को निर्देशित कर दिया है। मेलों में स्व-रोजगार से अन्य युवाओं को जोड़ने की पहल भी की जायेगी। एमएसएमई विभाग ने विभिन्न विभागों में संचालित होने वाली स्व-रोजगार योजनाओं से अधिक से अधिक युवाओं को उच्च प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करने को कहा है। आदेश में कहा गया है कि बैंकों के माध्यम से सीधे संचालित मुद्रा योजना, स्टेण्ड-अप इण्डिया योजना से अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करें। स्व-रोजगार मेलों और शिविरों में सभी संस्थाओं और विभागों से समन्वय जिला कलेक्टर के निर्देशन में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा अग्रणी जिला प्रबंधक करेंगे।

## राजस्व टीम पर हमला करने वालों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकारी रास्ते का सीमांकन करने पहुंची राजस्व टीम पर हमला करने वाले 5 लोगों पर पुलिस ने 10 अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को मुख्य सड़क मार्ग से रूजनखेड़ी टप्पर तक बनने वाली सड़क में आ रही दिक्कतों को देखते हुए राजस्व विभाग के पटवारी राजेश धनवारे व रोहित कीर राजस्व दल के साथ सड़क का सीमांकन करने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान हरिनारायण, जीवन, अनुसुईया, रजनीकांत व अन्य लोगों ने अचानक ही सरकारी काम में बाधा डालते हुए राजस्व टीम के साथ मारपीट कर दी थी। इसके चलते पुलिस ने पटवारी राजेश धनवारे की रिपोर्ट पर 5 लोगों के खिलाफ अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर सभी ग्रामीणों को अपनी गिरफ्त में लेकर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## आरओबी: पीलर के गड्डों की मशीनों से खुदाई शुरू, 18 महीने में होगा तैयार

**सबसे पहले हाउसिंग बोर्ड रेलवे फाटक पर बनाया जाएगा आरओबी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल-रतलाम रेलवे ट्रेक के फाटक क्रमांक 104, 107, 108 पर 82 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) के कार्य के तेजी पकड़ ली है। मर्किंग के बाद निर्माण एजेंसे ने आरओबी के पीलरों की हाउसिंगबोर्ड रेलवे फाटक के पास मशानों से खुदाई शुक्रवार से शुरू कर दी है। निर्माण एजेंसी ने हाउसिंग बोर्ड रेलवे क्रसिंग की दोनों साइड पर पीलरों की मार्किंग बीते दिनों की थी। ओवरब्रिज निर्माण से पटरी पार करते समय आए दिन होने वाले हादसों और बार_बार लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। यह आरओबी सीहोर के लिए भी बड़ी सौगात साबित होगा।

### कहां कितनी लागत से बनेंगे तीन ब्रिज

**हाउसिंग बोर्ड:** फाटक क्रमांक104 हाउसिंग बोर्ड रोड पर बनने वाला ओवर ब्रिज 25 करोड़ की लागत से बनेगा। 700 मीटर लंबाई और 15 मीटर मीटर चौड़ाई वाले ओवर ब्रिज से निकलने वाले करीब 50 हजार से ज्यादा लोगों को लाभ मिलने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**फंदा फाटक:** फंदा फाटक क्रमांक 107 पर बनने वाला ओवरब्रिल करीब 28 करोड़ की लागत से बनेगा। 700 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ाई वाले इस ओवरब्रिज पर 12 मीटर चलने के लिए जगह रहेगी। वही डेढ़-डेढ़ मीटर के दोनों साइड फुटपाथ की जगह छोड़ी जाएगी। इस जगह पर लोग पैदल भी आसानी से आना जाना कर सकेंगे।

यह आरओबी सीहोर के अलावा आसपास के करीब 15 से ज्यादा गांव के लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगा। तूमड़ा फाटक : फाटक क्रमांक 108 पर 29 करोड़ की लागत से ओवर ब्रिज का निर्माण होगा। यहां भी 700 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ाई वाला ओवर ब्रिज का निर्माण होगा। यह आरओबी सीहोर और भोपाल जिले की सीमा पर बन रहा है। इससे समझा जा सकता है कि यह सीहोर व भोपाल दोनों जिलों के लोगों के लिए काफी हद तक बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

## मौसम हुआ साफ, खिली धूप, लगातार कई दिन बादल छाने से गेहूं की फसल पर कीट का प्रकोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में लगभग एक सप्ताह के अंतराल के बाद अब मौसम साफ हो गया है और सुबह से ही धूप निकली हुई है। जिसके कारण लोगों को आज कड़ाके की ठंड से काफी राहत मिली है। बीते 24 घंटे के दौरान जिले में अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह की समय अवधि के दौरान सीहोर जिला प्रतिदिन सुबह घने कोहरे की गिरफ्त में रहता था, लेकिन आज कोहरा भी काम था और सुबह से ही सूर्य किरणें भी धरती को स्पर्श कर रही है। आसमान से बादलों का डेरा भी हट गया है जिसके चलते लोगों को तेज ठंड से राहत मिल गई है।

लगातार एक सप्ताह तक आसमान में काले घने बादल लगातार छाए रहे जिसका असर रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं पर भी पडता हुआ दिख रहा है। अनेक खेतों में जहां गेहूं की फसल लहलहा रही है, उन फसल में इल्लियों का प्रकोप नजर आने लगा है।

मौसम में हुए बदलाव के कारण फसलों पर कीट प्रकोप होने के कारण कृषि विभाग और शासकीय कृषि कॉलेज की ओर से भी किसानों को एडवाइजरी जारी की गई है कि वह अपनी फसल को किस तरह सुरक्षित और उन्नत रख सकें।

## मध्यप्रदेश जन स्वास्थ्य संवर्धन बोर्ड को पुनः गठित कर लागू करने की मांग



**सीहोर।** शुक्रवार को अखिल भारतीय चिकित्सा संघ के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के संबोधित ज्ञापन पत्र जिला प्रशासन को सौंपा गया। इस मौके पर संघ से जुडे पदाधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में ऐलोपैथिक चिकित्सक अपनी सेवाएं वर्षों से दे रहे है, जिसमें से लगभग 4000 हजार चिकित्सक अखिल भारतीय चिकित्सा संघ जोकि एक पंजीकृत ट्रस्ट से जुडे हैं। चिकित्सकों की व्यवस्था में हम गैर ऐलोपैथिक चिकित्सक समाज में खासकर उन जगहों पर जहा शासकीय चिकित्सक या ऐलोपैथिक चिकित्सक उपलब्ध नहीं थे, ऐसे क्षेत्रों में इन चिकित्सकों द्वारा मरीजों की सेवाएं दी जा रही है, इन सभी चिकित्सकों की उपयोगिता होने के बावजूद ऐलोपैथिक चिकित्सा प्रैक्टिस करने की वैधता न होने के कारण शासन द्वारा समय-समय पर हमें नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाती है। इसके अलावा अन्य द्वारा भी इसका फायदा उठाकर हमें प्रमाणित किया जाता है। मांग करने वालों में अध्यक्ष डॉ. सचिव बी एल तिवारी ओमप्रकाश बैरागी, मनोज विवास, जीनमय राय, दिनेश प्रजापति, संतोष प्रजापति, दिवासीश विश्वास, एससी विश्वास, आरएन बल्तव और लक्ष्मी तिवारी आदि शामिल थे।

## विधायक, प्रभारी कलेक्टर और छात्र-छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार

# जिला मुख्यालय पर आयोजित हुआ सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वामीं विवेकानंद की जयंती पर जिला मुख्यालय स्थित आवासीय खेलकूद परिसर में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी तथा सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता ने उपस्थित स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारी,'कर्मचारियों एवं नागरिकों के साथ सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किय। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक भाषण के का अंश सुनाया गया। इसके साथ ही भोपाल आकाशवाणी से प्रसारित मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का संदेश भी सुना।

इस अवसर पर विधायक सुदेश राय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार एवं प्रयाण नियमित करना चाहिए। इसे अपनी जीवन शैली में अनिवार्य रूप से शामिल करें। उन्होंने कहा सूर्य नमस्कार एवं प्रयाणायाम से सकारात्मक उर्जा का संचार होता है और कार्यक्षमता बढ़ती है। इससे बुद्धि भी कुशाग्र होती है। उन्होंने छात्रों से कहा कि जीवन में कहीं भी जीवन को सार्थक बनाने वाला ज्ञान मिले उसे तुरन्त ग्रहण कर लेना चाहिए। विधायक श्री राय ने राष्ट्रीय युवा दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर एवं जिला शिक्षा के समानवयक रामेश राम ऊईके उपस्थित रहे।





### सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए राजस्व मंत्री वर्मा

इछावर में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए। राजस्व मंत्री वर्मा ने उपस्थित स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारी]'कर्मचारियों एवं नागरिकों के साथ सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किय।

इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक भाषण के का अंश सुनाया गया। इसके साथ ही भोपाल आकाशवाणी से प्रसारित मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का संदेश भी सुना। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि शरीर को निरोग रखने के लिए प्रतिदिन योग और सूर्य नमस्कार करना चाहिए। इससे शरीर स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे हमारी दृष्टि सकारात्मक होती है और हमारे काम करने की क्षमता बढ़ जाती है। राजस्व मंत्री वर्मा ने राष्ट्रीय युवा दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी।

## इस बार पंचागों के अनुसार 15 जनवरी को मनाई जाएगी मकर संक्रांति

**सीहोर।** हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार, भगवान सूर्य बारह राशियों के भ्रमण के दौरान जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। इस त्योहार को सरकात, लोहड़ी, टहरी, पोंगल आदि नामों से जानते हैं। मकर राशि के सूर्य होने पर तिल खाना शुभ होता है। इस दिन स्नान व दान का भी विशेष महत्व माना गया है। स्वर्ण पदक प्राप्त ज्योतिषाचार्य पं. संजय शास्त्री के अनुसार आमतौर पर 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। लेकिन इस बार पंचागों के अनुसार 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाना शुभ होगा।



पंचागों के अनुसार इस बार 15 जनवरी को मकर संक्रांति स्पष्ट है। चूड़ा, तिल, मिठाई, खिचड़ी सामग्री व गर्म कपड़े दान करने से सुख-समृद्धि आती है। मकर राशि के सूर्य के साथ ही पुण्य काल में स्नान व दान के बाद चूड़ा-दही व तिल खाना शुभ होगा। पुण्य काल में स्नान के बाद तिल का होम करने और चूड़ा, तिल, मिठाई, खिचड़ी सामग्री, गर्म कपड़े दान करने व इसे ग्रहण करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। मकर राशि के सूर्य होते ही सूर्यदेव उतरायण हो जाते हैं और देवताओं के दिन और दैत्यों के लिए रात शुरू होती है। खरमास खत्म होने के साथ ही माघ माह शुरू हो जाता है। पंडित गणेश शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन भगवान सूर्य उत्तरायण होते हैं। इसी के साथ देवताओं के दिन शुरू होने से मांगलिक कार्य आरंभ हो जाते हैं।

## खबर संक्षेप




### व्यवसाय विकास महामेला का आयोजन

**सीहोर।** गुरुवार को स्थानीय टाउन हाल सीहोर में पोस्टमास्टर जनरल इंदौर प्रीती अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में व्यवसाय विकास महामेला का आयोजन अधीक्षक डाकघर सीहोर द्वारा किया गया। कार्यकम मे सीहोर एवं राजगढ जिले के लगभग 400 डाक कर्मी सम्मलित हुए। कार्यकम में विशेष अतिथि अशोक जाखोड़े द्वारा उपस्थितों से आव्हान किया गया कि विभाग की जन उपयोगी सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक आम जनता एवं हितग्राहियों को प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें। मुख्य अतिथि पोस्टमास्टर जनरल इंदौर प्रीति अग्रवाल द्वारा देश के विकास में डाक विभाग द्वारा दिये गये योगदान की विस्तृत चर्चा करते हुए कर्तव्य पालन को ही कर्मचारी का वास्तविक धर्म बताया। पोस्टमास्टर जनरल द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य हेतु 09 कर्मचारियों को, डाकघर बचतबैंक के सर्वाधिक खाते खोलने हेतु 3 कर्मचारियों तथा पोस्टल लाइफ इन्श्योरेंस में सर्वाधिक पालिसी करने वाले 6 कर्मचारियों को पुरुस्कार एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।

### कलश शोभा यात्रा के साथ हनुमान फाटक परिसर में भागवत कथा का शुभारंभ

# जो जैसा करता वैसा भरता है, जीवन चक्र उसे छोड़ता नहीः पं रविशंकर

**बुरे काम करने वाला व्यक्ति मरने के बाद भी स्वर्ग नही जाता है परिजनों के तर्पण करने के बाद भी कई बार उसे मौक्ष नही मिलता है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जो व्यक्ति जैसा कर्म करता है वैसा ही उस व्यक्ति को फल भोगना पड़ता है जीवन चक्र किसी भी कीमत पर उसे छोड़ता नही है। धुंधकारी ने जैसा किया उसे वैसा ही भोगना पड़ा और गौकरण ने जैसा किया वैसा ही उन्हे फल प्राप्त हुआ। बुरे काम करने वाला व्यक्ति मरने के बाद भी स्वर्ग नही जाता है परिजनों के तर्पण करने के बाद भी कई बार उसे मौक्ष नही मिलता है उक्त उदगार हनुमान फाटक मंदिर परिसर में शुक्रवार से प्रारंभ हुई सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर भागवत भूषण पं रविशंकर तिवारी ने श्रद्धालुजनों के मध्य व्यक्त किए।

कथा के प्रथम दिवस भागवत भूषण पं रविशंकर तिवारी ने भागवत का सार बताते हुए कहा कि धुंधकारी और गौ करण दोनों भाई थे परंतू दोनों में असामानताऐं थी धुंधकारी सभी प्रकार के बुरे कर्म करता था और गौ करण भगवान के भक्त थे बुरे कार्यो के कारण धुंधकारी प्रेत बनकर घूम रहा था जबकी गौ करण ने उसकी सदगति के लिए पींडदान किया था परंतू अत्याधिक कुकर्मो के कारण वह प्रेत बन गया था तब संतों ने भाई की सदगति के लिए गौ करण को श्रीमद भागवत कथा कराने का उपाए बताया था। भागवत कथा कराने से महापापी धुंधकारी को मौक्ष प्राप्त हुआ। पं रविशंकर तिवारी ने आगे कहा की भागवत कथा दुर्जनों को तार देती है भक्तों को भगवान से मिला देती है। प्राचीन श्रीहंसराज मठ दशहरा वालाबाग के संतश्री हरि रामदास महाराज,नगर पुरोहित पंडित पृथ्वी बल्लभ दुबे के सानिध्य में हिंगलाज माता मंदिर से मातारानी एवं देवी देवताओं की विधिवत पूजा अर्चना कर बैडबाजों ढोल ढमाकों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा करबा क्षेत्र के बजरिया सहित प्रमुख मांगों से होकर हनुमान फाटक मंदिर परिसर पहुंची। अनेक स्थानों पर कलश शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षाकर नागरिकों के द्वारा स्वागत किया गया। कलश यात्रा में सम्मिलित श्यामा गाय और रथ भगवान की झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही।

हनुमान फाटक मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का भव्य शुभारंभ पं हरीश तिवारी के सानिध्य में किया गया। प्रतिदिन भव्य पंडाल में दोपहर दो बजे से शाम



पांच बजे का श्रीमद भागवत कथा होगी। मध्य श्रीकृष्ण रुकमणी मंगल विवाह के समय कस्बा निवासी कुमारी मानसी पुत्री बाबूदास बैरागी का विवाह राहुल पुत्र मनोहर दास बैरागी ग्राम गुराडिया के साथ सम्पन्न होगा। दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन कथा सुनने के लिए पहुंचे मुख्य यजमानों के द्वारा भागवत जी की आरती की गई प्रदान का वितरण किया गया।

## छात्राओं ने निकाली यातायात जागरुकता रैली




**सीहोर।** मयंक अवस्थी पुलिस अधीक्षक सीहोर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ के नेतृत्व में यातायात पुलिस ,नेहरू युवा केंद्र संस्थान एवं डीबीसीपीएल टॉल स्टाफ द्वारा शुक्रवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय में यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम किया गया। शासकीय कन्या महाविद्यालय में यातायात पुलिस द्वारा महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की एवं विद्यार्थियों को बताया कि अभिभावकों को एवं पड़ोस में दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित करें। महाविद्यालय के जागरूकता कार्यक्रम के पश्चात शासकीय कन्या महाविद्यालय से भोपाल नाका तक यातायात पुलिस एवं नेहरू युवा केंद्र के छात्र-छात्राओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकल गई। जिसके माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।


इस रैली का समापन भोपाल नाके पर हुआ भोपाल नाके पर नेहरू युवा केंद्र छात्र-छात्राओं एवं यातायात पुलिस द्वारा लोगों को ,बच्चों को रोड पर चलने के नियम एवं रोड पार करने के नियमों को प्रायोगिक रूप से बताया गया जिससे राहगीर सड़क को सुरक्षित पार कर सके एवं राहगीरों से अपील की गई के यातायात नियमों का सभी लोग पालन करें और जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

इस जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली में एएसआई शशिकांत शर्मा ,आरक्षक जितेंद्र आरक्षक सत्येंद्र ,सैनिक रमेश शर्मा, डीबीसीपीएल टोल स्टाफ से उमाशंकर पांडे ,कन्या महाविद्यालय के अध्यापक स्टाफ ,नेहरू युवा केंद्र संस्था के सदस्य एवं महाविद्यालय 200 के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## समेरिटंस स्कूल के साढ़े तीन हजार बच्चों ने प्रधानमंत्री को लिखे आभार व शुभकामना पत्र

**अयोध्या राम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर अनूठी पहल**






**बायां।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर के निर्माण और भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मार्ग प्रशस्त करने के लिए समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के आठ स्कूलों के साढ़े तीन हजार से अधिक बच्चों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आभार शुभकामना पत्र लिखे हैं।

ज्ञात रहे कि विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों का मानना है कि अयोध्या रामजन्म भूमि विवाद सदियों से चला आ रहा था। स्वतंत्रता के बाद पहली बार केंद्र की मौजूदा सरकार ने इस विवाद को सुलझाने के लिए न केवल सक्रियता दिखाई बल्कि मंदिर निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त किया। इस महान कार्य के लिए प्रधानमंत्री द्वारा की गई पहल वास्तव में सराहनीय है। इस कार्य के लिए समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा उन्हें धन्यवाद पत्र लिखे गए हैं। पत्र लिखने वालों में कक्षा तीसरी से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थी शामिल हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा और प्राचार्य श्रीमती अपर्णा तिवारी ने बताया कि पत्र लिखने का प्रस्ताव और सुझाव भी बच्चों और कुछ अभिभावकों की ओर से ही आए थे। उन्होंने बताया कि विद्यालय के कुछ बच्चों ने इस संबंध में अपने कक्षा अध्यापकों से चर्चा कर प्रधानमंत्री को बधाई शुभकामना पत्र लिखकर राम मंदिर निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता करने की इच्छा जताई। की और मंदिर निर्माण के लिए कुछ रचनात्मक पहल करने की बात कही। कक्षा अध्यापकों के माध्यम से यह सुझाव प्राचार्य तक आए। बाद में प्रबंधन की बैठक के दौरान बच्चों और अभिभावकों से चर्चा कर उक्त सुझाव के क्रियान्वयन और उसके स्वरूप को विस्तार दिया गया।

डॉ शर्मा ने बताया कि 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। आज पूरा देश की राममय हो गया है। हर व्यक्ति में उत्साह और उल्लास है। उन्होंने बताया कि चूंकि हमारा विद्यालय भारतीय संस्कृति और परंपराओं को पोषक और संवर्द्धक रहा है। विद्यालय की दैनिक कार्य प्रणाली भी भारतीय संस्कृति पर आधारित है। बच्चों को सांस्कृतिक बनाने के लिए नित्य ही कार्यक्रम संचालित होते हैं। ऐसे में हमारे लिए अपनी प्रामाणिकता को सर्व साधारण के समक्ष एक बार फिर सिद्ध करने के लिए हमारे लिए यह स्वर्णिम अवसर है। बच्चों के सुझाव और पहल पर यह रचनात्मक गतिविधि विद्यालय में सम्पन्न कराई गई।

## उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया गया युवा दिवस



**सीहोर।** आज युवा दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर में सूर्य नमस्कार एवं स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस का गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सूर्य नमस्कार एवं सूक्ष्म प्राणायाम के लाभ एवं महत्व बताए गए तत्पश्चात शासन की मंशा अनुसार सूर्य नमस्कार एवं सूक्ष्म प्राणायाम के निर्धारित कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य सुनीता जैन सहित स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युवाओं के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी का जन्मदिन कार्यक्रम आयोजित किया गया स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात सर्वप्रथम डॉक्टर देवेंद्र साहू ने अपने संबोधन में स्वामी जी के जीवन की प्रमुख घटनाओं का महत्व बताकर विद्यार्थियों को मार्गदर्शित किया। कार्यक्रम को सांस्कृतिक प्रभारी राखी नामदेव ने संबोधित विद्यार्थियों को कठोर परिश्रम कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी जी ज्ञान के सूर्य है युगों युगों तक मानव समाज को उनसे प्रेरणा मिलती रहेगी, सतत प्रयास एवं प्रबल इच्छा के साथ सकारात्मक श्रम से निश्चित रूप सफलता से प्राप्त होती है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्रीमती जैन ने स्वामी जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालकर वर्तमान में कड़ी प्रतिस्पर्धा में निडरता से सहभागिता कर निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेंद्र देशमुख एवं आभार स्काउट प्रभारी संतोष सोनी ने किया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा सप्ताह का आयोजन



**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार को युवाओं को अपने अंदर शामिल करने की आवश्यकता है, अगर युवा स्वामी विवेकानंद के विचार को धारण कर लेता है तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता। श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती निशा सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जब पहली बार शिकागो सम्मलेन में गए तो उन्होंने संबोधन की शुरुआत मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों से किया, जिससे पूरा हॉल स्तब्ध रह गया। आज की पीढ़ी ही भविष्य का निर्माण कर सकती है, जरूरी है स्वामी जी के विचारों को अधिक से अधिक युवा अपने अंदर आत्मसात करें। कार्यक्रम के दौरान केन्द्र के प्रभारी नटवर सिंह ने कहा कि भारत का युवा स्वामी जी के विचारों से प्रभावित होकर राष्ट्रवादी विचारों से जुड़ा होना चाहिए। जब युवा आधुनिकता के साथ अपने ग्रंथों से दूर हुए, तब भारतीय संस्कृति का क्षय हुआ है। शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती सेवा सप्ता के रूप में मनाई गई। इस दौरान युवाओं ने स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती पूजन किया और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारकर आगे बढ़कर समाज मे परिवर्तन की दिशा कार्य करने का आह्वान किया है। केन्द्र के प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि शनिवार को युवा सप्ताह के अंतर्गत नुक्कड नाटक सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है।

**स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को युवा दिवस के रूप में मनाया**

# भारत को समझना है तो स्वामी विवेकानंद के विचारों का अध्ययन करें : मुकेश कुमार दांगी






हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस के अवसर पर एसवी कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार दांगी, प्राचार्य योगेश शर्मा सहित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

शिविर के दौरान मुकेश कुमार दांगी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा स्वामी विवेकानन्द के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा ही देश एवं समाज में परिवर्तन कर सकते है।

वहीं, स्वामी विवेकानन्द जो आज भी देश के लाखों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत है और भारतीय इतिहास के सबसे प्रभावशाली नेतृत्वकर्ता भी थे। स्वामी विवेकानंद ने भारत को समझने हेतु गांव-गांव का भ्रमण किया तथा गरीब लोगों से मिलकर उनकी आवश्यकताओं एवं विचारों को समझा। उन्होंने लोगो से अंधविश्वास, कुरीतियों को छोड़ने तथा तार्किक दृष्टिकोण विकसित करने का आव्हान किया।

उक्त कार्यक्रम में यह भी व्यक्त किया गया कि प्रत्येक बालक/बालिका को कानून के मूलभूत प्रावधानों की जानकारी होना चाहिए, ताकि वह एक जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें।

साथ ही श्री दांगी द्वारा म.प्र. अपराध पीडित प्रतिकर योजना 2015, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, नालसा एवं सालसा योजनाओं, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, सोशल मीडिया एवं मोबाइल के विवेकपूर्ण प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही केरियर गाइडेंस देते हुए न्यायाधीश बनने की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रश्न भी पूछे गये जिनका जवाब सरल शब्दों में दिया गया। प्राचार्य योगेश शर्मा द्वारा शिविर में उपस्थित अधिकारीगणों का आभार व्यक्त कर शिविर का समापन किया गया।

## राजस्व अभियान 15 जनवरी से 29 फरवरी तक चलेगा, गांवों के पटवारी बी-1 और आरसीएमएस की जानकारी देंगे




**सीहोर।** जिले के राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती इत्यादि का समय सीमा में निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को दर्ज कराना, समग्र का आधार से ई-केवाइसी और खसरे की समग्र, आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व महा-अभियान का आयोजन 15 जनवरी से 29 फरवरी तक क्रियान्वित किया जाना है।

अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने बताया कि राजस्य अभियान 15 जनवरी से 29 फरवरी के चलाया जाएगा। राजस्व अभियान के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड का वाचन-पटवारी द्वारा किया जाना है और खसरा, बी-1 का ग्राम में वाचन, समग्र ई-केवाइसी तथा खसरे की समग्र, आधार से लिंकिंग, RCMS पर प्रकरण दर्ज कराना, RCMS पर दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण, अभियान अवधि में 6 माह से अधिक के दर्ज लबिंत प्रकरणों एवं का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाना, अभियान अवधि में प्राप्त अविवादित प्रकरणों एक माह में शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। उत्तराधिकार नामांतरण का प्रमाण पत्र 29 फरवरी तक प्रदाय करना है। सीमांकन, नक्शा तरमीम- खसरे पर बटांकन होना है लेकिन नक्शे पर नहीं होना, खसरा नंबर का एक से अधिक बार होना, खसरे मे बटांकन होना एवं नक्शे में नहीं होना, शामिल खसरे को भिन्न किया जाना आदि शामिल है। अपर कलेक्टर ने बताया कि अभियान के दौरान पटवारी द्वारा 15 जनवरी से 29 फरवरी तक की जाने वाली कार्रवाईयों में ग्रामों में बी-1 का वाचन करना, आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज कराना, राजस्व अभिलेख में सुधार, आधार ई-केवायसी कराने और खसरे तथा आधार के लिंकिंग की कार्रवाई पूर्ण कर किसानों को प्रदाय करना शामिल हैं। अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार द्वारा 15 जनवरी से 29 फरवरी तक अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार ग्रामों का क्लस्टर बना कर सतत भ्रमण, अभियान में आरसीएमएस पर दर्ज प्रकरणों नायब तहसीलदार का शत प्रतिशत निराकरण, आधार से ई-केवाइसी कराने और खसरे तथा आधार के लिंकिंग की कार्यवाही पूर्ण कराने कर किसानों को दी जाना है।

## शासकीय कार्यों में लापरवाही व त्रुटियों पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

# गलत सीमांकन पर आरआई और पटवारी तत्काल प्रभाव से सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण आदि के मामलों में पटवारियों, आरई (राजस्व निरीक्षक) द्वारा अक्सर सांठगांठ कर गलत रिपोर्ट तैयार करने के मामले सामने आते रहते हैं। जबकि, स्पष्ट निर्देश हैं कि राजस्व से जुड़े कार्यों में किसी तरह की कोई लापरवाही न की जाए। इसके बाद भी राजगढ़ अनुभाग के आरआई और हल्का पटवारी द्वारा सीमांकन के एक मामले में गलत रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई। बाद में कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने जब दूसरे दल से जांच करवाई तो सीमांकन रिपोर्ट में खामियां मिली। इसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दीक्षित के निर्देशों पर आरआई और पटवारी दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।




### क्या था पूरा मामला

एक आवेदक ने राजगढ़ तहसील के बाराद्धारी क्षेत्र में अपनी जमीन के सीमांकन का आवेदन दिया था। इस पर राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाष चैधरी एवं पटवारी बद्रीलाल वर्मा द्वारा आवेदक को कब्जा अनुसार चतुर्सीमाएं बताई गईं। इसके साथ ही अपने प्रतिवेदन में यह भी बताया कि आसपास अन्य किसी कब्जा नहीं है।

इस सीमांकन की जांच कलेक्टर ने पुनः अधीक्षक, भू-अभिलेख द्वारा करवाई। दिनांक 20.12.2023 को दल द्वारा भूमि सर्वे क्रमांक 4/2/2/1 का पुनः सीमांकन करवाया गया। इस दूसरी जांच में पाया गया कि भूमि सर्वे क्रमांक 4/2/2 पर रकबा 0.083 पर धीरप सिंह एवं 0.097 हैक्टेयर भूमि पर शिवधाम कॉलोनी का कब्जा होकर बाउन्ड्रीवाल बनाई गई है। इस प्रकार राजस्व निरीक्षक चौधरी एवं पटवारी बद्रीलाल वर्मा द्वारा किया गया पहला सीमांकन त्रुटिपूर्ण पाया गया। इस त्रुटि पर राजगढ़ एसडीएम ने प्रतिवेदन तैयार कर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कलेक्टर को प्रेषित किया। कलेक्टर ने शासकीय कार्यों में रुचि न लेकर इस तरह की गंभीर लापरवाही करने के मामले में आरआई ओमप्रकाश चौधरी एवं पटवारी बद्रीलाल वर्मा दोनों को मप्र सिविल सेवा आचरण के तहत दोषी पाते हुए सस्पेंड कर दिया है।

### पटवारी पर भी पूर्व से हैं निर्देशों की अवहेलना के आरोप

पटवारी वर्मा के निलंबन आदेश में यह भी उल्लेख है कि पूर्व मे रेलवे में हुए अवार्ड के नक्शे में अमल किए जाने के निर्देश उनको अधिकारियों ने दिए थे। किन्तु वर्मा ने उक्त निर्देशों का आज दिनांक तक पालन नहीं किया। निलंबन अवधि में पटवारी का वर्मा का मुख्यालय मुख्यालय कालीपीठ नायब तहसीलदार नियत किया गया है। इसी तरह आरआई चौधरी का मुख्यालय एसएलआर कार्यालय नियत किया गया है। दोनों निलंबितों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### पूर्व में भी रिश्वत मामले में फंसे चुके हैं निलंबित आरआई

गलत सीमांकन के उक्त मामले में दोषी पाए गए आरआई ओमप्रकाश चौधरी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व एक हितग्राही से रिश्वत लेने के मामले में फंस चुके हैं। उस समय वे ब्यावरा अनुभाग में पदस्थ थे। जिसके बाद उन पर कार्रवाई की गई और बाद में राजगढ़ अनुभाग का आरआई बनाया गया था।

# संबल योजना और सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही, पांच सचिव निलंबित

## कलेक्टर के निर्देशों पर जिपं सीईओ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




शासन की दो महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर 5 विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिवों पर बड़ी कार्रवाई हुई है। कलेक्टर के अनुमोदन उपरान्त जिला पंचायत सीईओ अक्षय तेम्रवाल ने पांचों सचिवों को निलंबित कर दिया है। जनकारी के अनुसार मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत मृतक के वैध वारिसों को अंत्येष्टी सहायता का लाभ न देने एवं सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का निर्धारित अवधि में निराकरण नहीं करने पर पांच सचिवों पर निलंबन की गाज गिरी है। निलंबित हुए सचिवों में सुजान सिंह चैहान तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत दराना वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत झिरी, पीरूलाल कटारिया सचिव ग्राम पंचायत पांदा, धर्मराज यादव सचिव ग्राम पंचायत संडावता, पप्पूलाल धनगर सचिव ग्राम पंचायत कांकरिया मीना एवं बृजराज सिंह उमठ सचिव ग्राम पंचायत बाबल्दा सारंगपुर शामिल हैं।

# राजगढ़ व खिलचीपुर की 20 पंचायतों पर निकली 26 लाख रुपए की वसूली

## पानी का उपयोग कर रही पंचायतें लेकिन नहीं भर रही देयक राशि

**राजगढ़।** हर घर नल से जल पहुंचाने मप्र शासन की जल जीवन मिशन योजना के तहत अब गांव-गांव, घर-घर नलों से पानी पहुंचाया जा रहा है। ग्राम पंचायतें पानी का उपयोग तो कर रही हैं लेकिन उनके द्वारा जल निगम की देयक राशि अर्से से जमा नहीं करवाई जा रही है। ऐसे में जल निगम क्रियान्वयन ईकाई राजगढ़ के प्रस्ताव अनुसार राजगढ़ जनपद पंचायत की 14 एवं खिलचीपुर जनपद की 6 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव को धारा-89 के तहत करीब 26 लाख 94 हजार की वसूली के नोटिस जारी किए गए हैं। अगर तय समय में ग्राम पंचायतों ने यह राशि जमा नहीं करवाई तो आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### किस ग्राम पंचायत पर कितना बकाया

राजगढ़ की बखेड़ पंचायत पर 1 लस,स 94537, बांसखेड़ा पंचायत पर 1 लाख 56 हजार 648, चाटूखेड़ा पंचायत पर 2 लाख 44 हजार 537, चैतरा पंचायत पर 65 हजार 759, गोरखपुरा पंचायत पर 1 लाख 64 हजार 717, हताईखेड़ा पंचायत पर 1 लाख 31 हजार 649, कल्पोनी पंचायत पर 1 लाख 52 हजार 641, खेड़ी पाका पंचायत पर 47 हजार 717, खैरासी पंचायत पर 85 हजार 543, लाख्या पंचायत पर 1 लाख 46 हजार 027, लिम्बोदा पंचायत पर 2 लाख 21 हजार 585, राजपुरा पर 88 हजार 464, रोज्या पर 1 लाख 37 हजार 040, सुस्तानी पंचायत पर 1 लाख 79 हजार बकाया हैं। इसी तरह खिलचीपुर जपं की ग्रापं बड़बेली पर 62904, बामनगांव पर 1 लाख 45 हजार 373, भादाहेड़ी पंचायत पर 1 लाख 35681, देवलीसांगा पंचायत पर 1 लाख 29 हजार, गाड़ाहेट पंचायत पर 57 हजार 397 एवं सोनखेड़ाकला पंचायत पर 1 लाख 47 हजार रुपए बकाया हैं।

# घर के बरामदे में खड़ी 2 बाइक सहित एक ऑटो रिक्शा चोरी

### वाल्मीकि कॉलोनी व इंदिरा कॉलोनी की घटना

**राजगढ़।** बीते दिनों नगर के विभिन्न मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं के बाद अब शहर में मोटर साइकिलों की चोरी के मामले में सामने आ रहे हैं। बीती रात्रि स्थानीय वाल्मीकि कॉलोनी में दो अलग-अलग घरों के बरामदों में खड़ी मोटर साइकिलों को चोर चुरा ले गए। इसी तरह तीन दिवस पूर्व नगर से एक ऑटो रिक्षा भी चोरी हुआ है। पीड़तों ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने थाने में आवेदन दिए हैं। जानकारी के अनुसार वाल्मीकि कॉलोनी निवासी सफाई कर्मचारी गोविंदा धोलपुरिया की बाईक घर के बरामदे में खड़ी थी। अज्ञात चोरों ने इसे चुरा लिया। इसी तरह वाल्मीकि कॉलोनी के समीप की ही इंदिरा कॉलोनी निवासी राहुल पिता रोड़ेलाल की मोटर साइकिल भी अज्ञात बदमाष चुरा ले गए। आवेदकों ने अपनी मोटर साइकिलों को काफी खोजा लेकिन न मिलने पर थाने पहुंचकर षिकायत दर्ज करवाई। इसी तरह तीन दिन पहले पोस्ट ऑफिस के समीप खड़ा शाहिद खान का ऑटो भी चोरी हुआ है। तीनों मामलों में पुलिस जांच-पड़ताल में लगी हुई है।




# मां तुझे प्रणाम यात्रा के लिए चयन



**सारंगपुर ।** स्पोर्ट्स क्लब सारंगपुर की 4 खिलाड़ियों का चयन मध्यप्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मां तुझे प्रणाम यात्रा जो गुजरात जाना है खेल विभाग कोच भारत भेरवे ने बताया की यात्रा की प्रभारी शर्मिला डावर संभागीय अधिकारी खेल एव युवा कल्याण विभाग राजगढ़ के कुशल नेतृत्व में पूरे प्रदेश से 150 बालिकाएं मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी सभी बालिकाओ का स्वागत विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल व युवा नेता योगेश माहेश्वरी ने बस स्टैंड पहुंच कर किया व शुभकामनाए दी बालिकाओं में अंजली गोस्वामी पिता संजय गोस्वामी कोमल गोयल पिता रामस्वरूप गोयल दीपिका जाटव पिता मदनलाल जाटव प्राची जयसवाल पिता संजय जयसवाल का चयन हुआ है बालिकाओं की इस उपलब्धि पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एव तकनीकी शिक्षा रोजगार गोतम टेंटवाल नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल जिला क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र परमार ब्लाक समन्वय लाल सिंह लोधा रजत शर्मा रोबिन राजू निलेश गोड राहुल गोड विष्णु लववंशी अभिषेक बडगोतीया निखिल भेरवे नमन गुप्ता देव गिरजे तोहिद खान आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## नपा ने युवा दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन



**कुरावर।** नगर में गुरुवार को दोपहर 2 बजे के करीब शासकीय हाई सेकंडरी विद्यालय प्रांगण में युवा दिवस एवं मकर संक्रांति के पर्व पर राज्य शासन के निर्देश अनुसार नगर परिषद द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई खो-खो रास्ता रस्साकसी एवं चम्मच रेस कक्षा नवी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा किस खेल को प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, हायर सेकंडरी विद्यालय की प्रचार्या अल्बीना टोप्पो ने आयोजन में शामिल छात्र-छात्राओं से परिचय कर किया गया आयोजन के नोडल अधिकारी गोपाल सक्सेना, संदीप पाटीदार, रवि नाहर ,सत्यम तिवारी, कैलाश पवार, धीरज पाल, महेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# छापीहेड़ा की कोमल ने की चार्टड एकाउंटेट की परीक्षा उत्तीर्ण

### इंदौर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, मुंबई के ठाणे से कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा



नगर छापीहेड़ा का नाम रोशन करने में बेटियां सबसे आगे हैं। अपनी कड़ी मेहनत माता-पिता के सम्मान में लगातार प्रतिदिन 13 घंटे शिक्षा को अनुग्रहित करने में सार्थक समय व्यतीत करना ही अपना मुख्य उद्देश्य बनाया। क्योंकि मन में जो सपना साकार करने की ठान लेते फिर वह पीछे नहीं रहते ऐसा ही उदाहरण कोमल गुप्ता ने कर दिखाया छापीहेड़ा के व्यावसायिक राजेश गुप्ता माता भावना गुप्ता की बिटिया ने जब सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंदौर शहर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर दिखाया । अपने माता-पिता तथा नगर का नाम रोशन किया जिसकी बड़ी बहन वर्तमान में चार्टर्ड अकाउंटेंट के पद पर मुंबई के ठाणे शहर में कार्यरत है। वह बताती है कि जब-जब शिक्षा को अनुग्रहित करने में मेरे को बाधा आती थी तब तब मेरी बड़ी बहन ने दूरभाष के माध्यम से मार्गदर्शन देकर सार्थक रूप से उन बाधाओ को दूर किया उसी के परिणाम स्वरूप मेरी सफलता में बड़ी बहन के साथ-साथ मेरे माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही तथा सभी शुभचिंतकों ने मेरी ईस सफलता पर बहुत-बहुत बधाई प्रेषित की।

# मनकामनेश्वर मंदिर भोले डोंगरी पर हुआ भंडारे का आयोजन






**कालापीपल।** शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार की ओर से अरनियाकलां मंडल के अलीसरिया ग्राम स्थित मनकामनेश्वर मंदिर भोले डोंगरी पर भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने करीबन 12 बजे मनकामनेश्वर मंदिर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का पूजन अभिषेक किया, तत्पश्चात भंडारे में आगंतुक अतिथियों व भाजपा कार्यकर्ताओं से बधाई का दौर प्रारंभ हुआ। शुभचिंतकों ने परमार को मध्यप्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री बनने पर बधाईयां प्रेषित की। उनकी ओर से आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शुभचिंतकों द्वारा कैबिनेट मंत्री का मंदिर प्रांगण में तुलादान भी करवाया गया। मंत्री परमार ने समस्त लोगों का आभार प्रकट किया। और क्षेत्र के विकास से संबंधित बातें कहीं। इस मौके पर उन्होंने मंदिर के स्वागत द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया।

**22 जनवरी को नगर के प्रत्येक मंदिरों में होगी विशेष साज -सज्जा**

# श्रीराम लला अयोध्या मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सामूहिक बैठक की आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

22 जनवरी को श्रीराम लला अयोध्या मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष मे नगर के सभी मंदिरों देव स्थानों के पुजारियों पण्डित और समिति जनो कि सामूहिक बैठक खिलचीपुर के इमली स्टेण्ड स्तिथ गौतम आश्रम मे संपन्न हुई जिसमे मन्दिर साज सज्जा सफाई पुताई एवं 22 जनवरी को मन्दिर मे क्या आयोजन होगा उसके सहित अन्य चर्चा हुई जिसमे खाण्डी बावड़ी मन्दिर कि बड़ी समस्या आई है। मन्दिर के पुजारी ने बताया कि मन्दिर के मुख्य रास्ते पर खुले मे शौच बड़ी संख्या मे होता है। जिसके कारण श्रद्धालु जन बदबू से परेशान होते है,इस जानकारी को जब बैठक मे रखा जिससे सभी जनो को नाराजगी हुई इस दौरान खिलचीपुर एस डी एम अंकिता जैन को आवेदन लिखा । बैठक में उपस्थित वरिष्ठ जन सहित विहिप जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, उपाध्यक्ष एवं अक्षत वितरण कार्यक्रम प्रखण्ड संयोजक बीरम विश्वकर्मा आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



# श्रीमद्भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण जन्म व नंदोत्सव का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

बड़ौदिया बड़ली माता मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव में ब्यावरा से पधारे कथाव्यास सतीश नागर के द्वारा कथा के चैथे दिन गुरुवार को वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। कथा का पूजन आचार्य सतीश नागर के द्वारा मंत्रोच्चारण से करवाया गया।

श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में गुरुवार को कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर फल फ्रुट का प्रसाद वितरण किया गया भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया। कथा सुनने के लिए 40 गांव के पुरुष एंव महिलाएं आते हैं और धर्म का लाभ उठाते है।



# अक्षत वितरण अभियान के तहत घर घर पहुंचे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अक्षत वितरण अभियान के तहत तृतीय दिवस में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल राजगढ़ के द्वारा वार्ड नंबर 4 कालाखेत मे विश्व हिंदू परिषद एवं रामधुन लागी भक्ति संस्थान के समस्त कार्यकर्ताओं के द्वारा घर घर जाकर राम नाम के जय घोष के साथ समस्त कलाखेत के रहवासियों के घर घर जाकर अक्षत वितरण एवं राम मंदिर के लिए निमंत्रण दिया गया। जिसमें विश्व हिंदू परिषद के जिला सत्संग प्रमुख पं. गगन दुबे, जिला धर्मस्य प्रमुख पंडित आचार्य अमित तिवारी, प्रखंड मंत्री हरीश सेन, प्रखंड सत्संग प्रमुख बालकृष्ण मेवाड़े, नगर अध्यक्ष सागर मेवाड़े, नगर संयोजक संतोष राणा, नगर सत्संग प्रमुख सुदर्शन मेवाड़े, नगर मठ मंदिर प्रमुख हर्षित मेवाड़े, वार्ड कर्मठ कार्यकर्त्ता युवा मोर्चा ललित मालवीय, युवा मोर्चा मंडल मंत्री गौरव दुबे का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। राहुल सेन विहिप कार्यकर्त्ता, साहिल विश्वकर्मा, चिंटू संजोदिया, योगेश मेहर, घनश्याम चौहान, इत्यादि लोग मौजूद थे।

### इधर बजरंग दल सदस्य भी अभियान में शामिल

इस उपलक्ष मेंआज ग्राम बाग देरीठाकुर बर्नियाखेड़ी चांदपुर फतूखेड़ी गोपालपुरमें टपरिया गुराडिया अयोध्या से आए पूजित अक्षत को वितरण किया गया। वहां पर उपस्थित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड संयोजक चेतराम गुर्जर हरि गुर्जर दिनेश सेन अनिल गोड देवराज सेन अर्जुन रामकेश सतीश गौड़ पर्वत सीताराम श्रीराम महेंद्र श्रीराम एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के अधिकारी करता उपस्थित रहे।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम खमलाय पहुंची : हम सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन कर रही हर मां का दर्द समझते हैं : चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कालापीपल जनपद के खमलाय ग्राम पहुंची, जहां सरपंच नगीना देवी, प्रतिनिधि कमल सिंह वर्मा व पंचायत प्रशासन द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में कालापीपल विधानसभा के भाजपा विधायक घनश्याम चंद्रवंशी उपस्थित रहे। उन्होंने सर्वप्रथम पूज्यनीय छाया चित्रों का पूजन वंदन किया, तत्पश्चात नन्ही बालिकाओं का कन्या पूजन भी किया। संकल्प यात्रा में सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाकर शासन की योजनाओं की जानकारियां दी व लोगों की समस्याओं का समय पर निराकरण किया गया।

### भाजपा और माता बहनों के सम्मान में बोले विधायक घनश्याम चंद्रवंशी

खमलाय में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विधायक चंद्रवंशी ने भारतीय जनता पार्टी को हर वर्ग के लिए अच्छा बताया। उन्होंने कहा कि हम सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन कर रही हर मां बहन का दर्द समझते हैं। बात चाहे कच्चे मकान की हो, भोजन का अभाव, बिजली पानी की अव्यवस्था या इलाज का आभाव हर प्रकार का संभव प्रयास हमारी सरकार ने हर वर्ग के लिए किया है। और इन सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलने वाले हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। हर खेत तक पानी पहुंचाने का काम जिसने किया वह भारतीय जनता पार्टी है और नरेंद्र मोदी को यह सारी शक्ति देने वाले आप जैसे मतदाताओं को मैं मंच से प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि आपके एक वोट से भारत को एक मजबूत नेतृत्व मिला है। भाजपा ने काम के नाम पर वोट मांगे हैं, हर वर्ग का विशेष ध्यान रख उनकी चिंता की है। हम राम की बात करेंगे तो काम की बात भी करेंगे, परंतु धर्म और संस्कृति को लेकर चलने वाली पार्टी केवल भाजपा ही है। हमने गैस चूल्हा, शौचालय से लेकर पक्के आवास तक लोगों को दिए हैं। हम धर्म को साथ लेकर अपने काम के आधार पर लोगों के बीच पहुंचाते हैं और जात-पात पर लोगों को लड़ाने का नाम काम केवल और केवल कांग्रेस ने किया है। हमने धारा 370, राम मंदिर निर्माण, नोटबंदी जैसे असंभव कार्यों को भी आपके एक वोट के बलबूते संभव कर दिखाया है।

हम भाग्यशाली हैं कि हमें प्रभु श्रीराम के दर्शन मंदिर में होंगे और यह सब मोदी जी के कारण ही संभव हो पाया है। परंतु कांग्रेस ने निमंत्रण अस्वीकार कर मंदिर को केवल भाजपा और आरएसएस का ही विषय बताया है। किसानों से लगाकर हर वर्ग का ध्यान रखने वाली भाजपा आज आपके बीच में अपने हर कार्यों के कारण खरा उतर रही है। वहीं कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने केवल घोटाले ही किए हैं जो उसकी पहचान है। हमारी सरकार ने 13 करोड़ रुपए के काम अकेले खमलाय ग्राम में ही दिए हैं और आगे भी करोड़ों रुपए की सौगात मिलेगी। मंच से आपसी मतभेद भूलाकर आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील कर कहा कि लाख विरोध के बाद भी आप सभी ने मुझे मत रुपी आशीर्वाद दिया इसलिए मैं हमेशा आपका आभारी रहूंगा।



## खबर संक्षेप

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का रिजल्ट नगर पालिका आष्टा 23 पायदान ऊपर



**आष्टा।** साल भर से लगे स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी में नगर पालिका अध्यक्ष एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर रायसिंह मेवाड़ा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के मार्गदर्शन में और सहयोगी संस्था एवीएस कंसलटेंसी एंड सर्विसेज भोपाल और निकाय के सफाई कर्मचारियों की मेहनत रंग लाई। जहां स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में नगर पालिका आष्टा 62वें स्थान पर था। वही स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणाम की घोषणा पश्चात नगर पालिका आष्टा 39 वा स्थान को प्राप्त किया है।

### श्यामपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

**श्यामपुर।** श्यामपुर में शनिवार को दोपहर 2:00 बजे चोपड़ा वाले हनुमान मंदिर परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन क्षेत्रीय विधायक स्वदेश राय की उपस्थिति में कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम पंचायत सरपंच नवीन चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम में भारत सरकार के सचिव व राज्य स्तर के अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि व हितग्राही भी शामिल होंगे।

### जीजा साली ने खाया जहर, हालत गंभीर

**आष्टा।** आष्टा अनुविभाग के ग्रामीण इलाके में युवक और युवती के जहर खाने का मामला सामने आया है। फिलहाल दोनो की हालत गंभीर होने पर सिविल अस्पताल आष्टा से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पिंकेश पिता प्रेम उम्र 38 वर्ष निवासी ढकानी और युवती सलोनी पिता बाबुलाल उम्र 22 वर्ष निवासी देवास ने अज्ञात कारणों के चलते खेत पर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद स्थानीय लोग दोनो को सिविल अस्पताल आष्टा उपचार हेतु लाए। जहा से दोनो की हालत गंभीर होने पर सिहोर ज़िला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी अनुसार दोनो युवक युवती में जीजा और साली का रिश्ता है।

### छात्र-छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार

**आष्टा।** मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल में शुक्रवार को स्वामी विवेकानन्द जयंती पर सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें योग की 12 मुद्राएं की गई। जिसमें विद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की व योग से क्या-क्या लाभ प्राप्त होता है इसकी जानकारी प्राप्त की। संस्था के शिक्षक संदीप जोशी ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन चरीत्र व सूर्य नमस्कार के बारे मे बताया। शंकर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर, कुंवर लाल परमार, स्कूल समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य अमित यादव, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, तेजराज मेवाड़ा, संदीप जोशी, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, पंकज ठाकुर, राजपाल साहू, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, कविता ठाकुर, अंजलि चौरसिया, करिष्मा चौपड़ा, अंजु नावड़े, रचना ठाकुर, नीता सक्सेना, हेमलता पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शासकीय और निजी संस्थानों में किया सामूहिक सूर्य नमस्कार




युवा दिवस

# प्रतिदिन प्रणायाम करने से मन व शरीर स्वस्थ रहता है: विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर

सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण के साथ-साथ संस्था में भी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





नगर के सीएम राइज शास. उत्कृष्ट उमावि में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। शासन के निर्देशानुसार प्रातः 9 बजे से 10:30 बजे तक विद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि के रूप में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा, वार्ड पार्षद रविन्द्र शर्मा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, हरेन्द्र सिंह ठाकुर, भविष्य भट्ट, नपा सीएमओ राजेश सक्सेना, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत, मॉडल विद्यालय प्राचार्य सी.एल. पेठारी, योग प्रशिक्षक अजेन्द्र सिंह यादव आदि उपस्थित थे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती का पूजन व स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। संस्था प्राचार्य मो. सितवत खान द्वारा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर व कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। इसके पश्चात शासन के निर्देशानुसार दिए गए प्रोटोकॉल अनुसार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं उसी के साथ साथ संस्था में भी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक अजेन्द्र सिंह यादव द्वारा सूर्य नमस्कार के सभी बारह आसनों का अभ्यास करवाया गया।

इसी कड़ी में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र के प्रेरक उद्बोधन में बताया कि छोटी आयु में ही उन्होंने मां भारती का गुणगान दुनिया के सामने प्रस्तुत किया साथ ही साथ उन्होंने बच्चों को अपनी विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को बताते हुए मार्गदर्शित किया कि विद्यार्थी जीवन बहुत महत्वपूर्ण होता है, स्वामी विवेकानंद जी ने अपने अल्प जीवनकाल में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की। उन्होंने कहा कि हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि जीवन लंबा हो यह महत्वपूर्ण नही है, हमने उसमें क्या उपलब्धि प्राप्त की यह महत्वपूर्ण होता है। विद्यार्थी जीवन बहुत महत्वपूर्ण है। इस समय हम जो कुछ भी बनना चाहते है, करना चाहते है, उसकी शुरूआत इसी उम्र से होती है। हम भी जब विद्यार्थी थे, तब हमने मन लगाकर पढ़ाई की उसी का नतीजा है, कि आज आप सब की हम सेवा कर रहे है। विधायक श्री इंजीनियर ने बताया कि हमारे देश में प्रतिभा की कमी नही है। पूर्व राष्ट्रप्रति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने ऐसी मिसाईल देश को समर्पित की है, जो 13 हजार किलोमीटर पर अपने दुश्मन देश पर हमला कर सकती है। ऐसे महान व्यक्तियों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई ने अपने संबोधन में कहा कि सूर्य नमस्कार यह केवल एक दिन न होकर प्रतिदिन करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और मस्तिष्क का निर्माण होता है, और इसी से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि सुबह जल्दी उठ कर व्यायाम प्रणायाम एवं खेल गतिविधियों में शामिल होने से दिन भर मन एवं शरीर तरोताजा रहता है और इससे पढ़ाई में मन भी लगता है। नगर भाजपा अध्यक्ष अतुल शर्मा द्वारा भी प्रेरक उद्बोधन दिया गया उन्होंने बताया कि शिक्षा इतनी ग्रहण करे कि नौकरी हमारे सामने छोटी लगने लगे।

इसके अलावा उन्होंने बच्चों को बताया कि जीवन अनुशासित होना चाहिए। समय पर सोना और समय पर जागने के साथ साथ अध्ययन का भी समय निर्धारण होना चाहिए। संस्था प्राचार्य मो सितवत खान द्वारा अपने आभार उद्बोधन में सभी अतिथियों को सादर धन्यवाद प्रेषित किया साथ ही साथ उन्होंने यहा भी बताया कि विद्यालय के अध्ययन अध्यापन एवं विकास से संबंधित सभी प्रकार के कार्यो के लिए सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा एवं अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निरंतर एवं सक्रिय सहयोग प्राप्त होता है। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक विष्णुप्रसाद पंवार, अंत्येश धारवां, सम्राट ढोके, पदमा परमार, आरती विश्वकर्मा, पवन राया, जितेन्द्र मेवाड़े, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, निहायत मंसूरी, अमिता सोनी, नमीता लोवंशी, रघुवीर सिंह, गौतम चौरसिया, भूपेन्द्र सिंदे, जितेन्द्र धनवाल, लीला भिलाला, मोनिका जैन, मनोज कुमार करमोदिया, डॉ. दीक्षा खंडेलवाल, मो. इमरान, विनय कुमार तिवारी, सपना यादव, तेजपाल सिंह परमार, अभिलाषा श्रीवादी, वीरेन्द्र सिंह, राम सिंह, उर्मिला यादव, नीता जैन, रामेश्वर दामड़यिा, विजय हाटेकर, निर्मलदास बैरागी, जितेन्द्र वर्मा, गौरीशंकर मालवीय, दिनेश गहरवाल, धीरज शर्मा, राजेश मालवीय, मनोज बड़ोदिया, गौरीशंकर मालवीय, हुकुमचंद, शशि बिंजवा, ज्योति मंडलोई, ज्योति चौहान, अनिल पटेल, डी.एस. मांडवा, कमलेश कुमार वर्मा, मुकुंद सिंह बरोड़यिा, एस.के. सिंगरिया, मदन परमार, राजेश राठौर सहित समस्त शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

## सीएम राइज स्कूल में युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार की 12 क्रियाएं की संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर स्कूल शिक्षा विभाग तथा मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार सी एम राइस विद्यालय जावर में तहसील स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद तथा विद्यादायिनी सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण ब दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात योग शिक्षक अकबर सिद्दीकी, डॉ ओमप्रकाश दुबे, तथा जयनारायण राठौर द्वारा उपस्थित जन प्रतिनिधि गण तथा विद्यार्थियों को सूर्यनमस्कार की 12 क्रियाएं मंत्रो चरण के साथ संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में श्रीमती मंजू वैद्य अध्यक्ष ,मनोज कुमार वैध, तेजसिंह कप्तान उपाध्यक्ष, बाबूलाल पटेल, बंटी राठौर, वीरेंद्रसिंह ठाकुर, दिनेशचंद्र बाहेती, विजेंद्रसिंह ठाकुर, खुमानसिंह ठाकुर अतिथि के रूप मौजूद थे। कार्यक्रम में संक्षिप्त परिचय प्राचार्य नितिन कौशल द्वारा प्रस्तुत किया। जीवनसिंह ठाकुर के स्थानांतरण होने पर शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार से दरियाव सिंह मालवीया, कमलेश खत्री, रामस्वरूप वर्मा, मुनेंद्रसिंह तोमर, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, अब्दुल अजीज मंसूरी, रामलाल मालवीय, जीवनसिंह, प्रीति विजयवर्गीय, सुजाता मालवीय, अमरीन खान, लोकेंद्र मेवाडा, राजेंद्र बरेठा, दिनेश मालवीय, जयंत गुप्ता तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे आभार उप प्राचार्य अजय मिश्रा द्वारा किया गया।

## शासकीय माध्यमिक विद्यालय में किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी




नगर परिषद कोठरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठरी में युवा दिवस के उपलक्ष्य में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया जिसमें 9:20 से मुख्यमंत्री के उद्बबोधन को सुनने के पश्चात सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर और कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। इसके पश्चात शासन के निर्देशानुसार दिए गए प्रोटोकॉल अनुसार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं उसी के साथ साथ संस्था में भी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक द्वारा सूर्य नमस्कार के सभी बारह आसनों का अभ्यास करवाया गया। इसी कड़ी में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र के प्रेरक उद्बोधन दिया।नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति ने अपने संबोधन में कहा कि सूर्य नमस्कार यह केवल एक दिन न होकर प्रतिदिन करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और मस्तिष्क का निर्माण होता है, और इसी से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। ।आष्टा नगर भाजपा अध्यक्ष अतुल शर्मा द्वारा भी प्रेरक उद्बोधन दिया गया उन्होंने बताया कि शिक्षा इतनी ग्रहण करे कि नौकरी हमारे सामने छोटी लगने लगे। इसके अलावा उन्होंने बच्चों को बताया कि जीवन अनुशासित होना चाहिए। समय पर सोना और समय पर जागने के साथ साथ अध्ययन का भी समय निर्धारण होना चाहिए।

### 275 छात्र-छात्राओं ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र आजाद, पार्षद प्रतिनिधि दिनेश चौधरी। जिसमें सूर्य नमस्कार में 275 छात्र-छात्राओं और प्राचार्य ,सभी शिक्षक एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। अंत में राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन के पश्चात सभी को स्वल्पाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एमेल्डा तिर्की , डालूराम कासन्या, जीतमल मेहता, रमेश चंद्र मेवाड़ा, देवराज शक्ति, कैलाश नारायण सक्सेना, गोपाल सिंह सोलंकी, कल्पना शर्मा, उमा परमार, शैफाली गुर्जर, मनोज शर्मा, राजेश शर्मा, सुरेश कुमार दसोंदी, किशनलाल मालवीय, नरेश लखाया, महेश चंद्र शर्मा, गंगाधर सोलंकी, मनीषा शुक्ला, कीर्ति शाक्य, कविता वर्मा, आदि मौजूद रहे।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**आष्टा।** प्रधान जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के निर्देशन में सुरेश कुमार चौबे, प्रथम जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा के द्वारा युवा दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय आष्टा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्री चौबे के द्वारा बताया गया कि मौलिक अधिकार जो कि भारत के सभी नागरिकों को दिए गए है जिसमें स्वतंत्रता का अधिकार, समता अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार, शोषण के विरूद्ध अधिकार, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकार, दिए जाते है। हमारे देश के लोगों का मौलिक कर्तव्य है कि संविधान का पालन करें और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्टीय गान का आदर करे और स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोये रखे। भारत के संप्रभुता, एकता अखण्डता की रक्षा करना, प्राकृतिक पर्यावरण जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी, की रक्षा करे और प्राणीमात्र के प्रति दयाभावना रखे। उक्त शिविर में प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्राएं उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय में लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जावर ईकाई के द्वारा रक्तदान शिविर शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में आयोजित किया गया जिसमे जन भागीदारी समिति अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ने स्वामी विवेकानन्द की 161वी जयंती पर उनके जीवन पर प्रकाश डाला साथ में कार्यक्रम में राष्ट्रिय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह विभाग राजगढ़ बाबू सिंह ठाकुर, बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह, सुदीप सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, हरेन विश्वकर्मा उपस्थित रहे। रक्तदान करने वालो में राजेन्द्र सिंह केशव, देवराज ठाकुर, अजय ठाकुर ,गोलू ठाकुर, पवन मालवीय, अंकित पटेल, राहुल ठाकुर, अभीशेक ठाकुर, सूरज ठाकुर ने राष्ट्र हित में रक्तदान किया देवराज सिंह ठाकुर ने कार्यकर्म का संचालन किया एबीवीपी के नगर मंत्री गोलू ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

### सिविल अस्पताल में लेखापाल से मारपीट, फर्जी बिल लगाने का बनाया जा रहा था दबाव

# जिला चिकित्सालय से आया जांच दल, सभी रिकॉर्ड किए तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर का सिविल अस्पताल आए दीन सुर्खियों में बना रहता है। इस बार फिर सिविल अस्पताल में फर्जी तरीके से बिल लगाने को लेकर हुईं मारपीट को लेकर चर्चाओं में है। विश्वसनीय सूत्रों की माने तो सुबह 10 बजे से 11 बजे के बिच अस्पताल के लेखापाल एलम सिंह से अस्पताल के ही बीसीएम तरुण राठौड़ ने मारपीट कर डाली। अंदरखानों से मिली जानकारी अनुसार कई समय से सिविल अस्पताल में फर्जी तरीके से बिल लगाकार राशि निकालने का दबाव एक अधिकारी लेखापाल पर बना रहे थे। लिहाजा शुक्रवार को फिर फर्जी तरीके से बिल लगाकार राशि निकालने के लिय लेखापाल एलम सिंह पर दबाव बनाया गया। लेकीन जब लेखापाल ने इसके लिए पुनः इंकार कर दिया तो मामला मारपीट तक पहुंच गया। और लेखापाल के साथ जमकर मारपीट कर दी गईं। ऐसे मे पुरी घटना वह लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद भी हुईं हालांकि बीएमओ सुरेश माहौर ने ऐसी किसी भी घटना से साफ साफ इंकार कर मामले में लीपापोती करने का प्रयास किया। वहीं घटना स्थल पर लगे सीसी टीवी कैमरो को बंद होने की बड़ी बात कहीं। जो किसी के भी गले नही उतर रही है। वहीं जानकारी अनुसार जिस वक्त यह घटना घटी उस वक्त सिविल अस्पताल के कई जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी भी गलियारों में भी उपस्थित थे। इस मामले पर जब पीड़ित लेखापाल एलम सिंह से बात की गई तो उन्होने कैमरे के सामने तो कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। लेकीन बंद कैमरे के सामने उन्होने जो कहा वो चौकाने वाला था। लेखापाल एलम सिंह ने कहा की बीसीएम तरुण राठौड़ विभागीय कार्य के लिए अनावस्यक रुप से दबाव बना रहे थे जिसे मना करने मारपीट शूरू कर दी। जिसकी सुचना मेने हमारे लेखापाल स्वास्थ्य संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा सीएमएचओ कार्यालय,आष्टा पुलिस को भी सूचना दी है। वहीं सूचना के आधार पर जिला चिकित्सालय से 5 सदस्यीय जांच दल भी आष्टा सिविल अस्पताल पहुंचा तथा उन्होंने पीड़ित से पूरी घटना की जानकारी लेते हुए घटना के कारण की बात पूछी। पीड़ित ने पूरी जानकारी जांच दल के रूप में आए दल के सामने प्रस्तुत कर दी है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जो जांच दल आया उसने पूरा रिकॉर्ड सीहोर तलब किया है। जब इस तलब किए गए रिकार्ड की अगर जांच होती है तो निश्चित रूप से सिविल अस्पताल आष्टा में एक बड़ा भांडा भी फुट सकता है। जब इस संबंध में बीएमओ डॉक्टर सुरेश माहौर से चर्चा की तब उन्होंने अस्पताल में दो कर्मियों के बीच मारपीट की जानकारी की किसी भी घटना घटी से पूरी तरह से इनकार कर दिया।

## घर-घर जाकर विहिप, बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने दिया आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

शुक्रवार को ग्राम रोला गांव, बड़कोला, पीली कारर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं पत्रक ग्राम में घर-घर वितरित किए गए।

घरों के बाहर पांच दीपक व रंगोली बनाकर दिवाली मनाने का आव्हान किया गया। इस मौके पर सरपंच धर्मेंद्र धनगर, पूर्व सरपंच वीरेंद्र जैन, बड़कोला सरपंच रमेश देवड़ा, पूर्व सरपंच अकेसिंह ठाकुर, दुर्गा प्रसाद शर्मा, ज्ञान सिंह ठाकुर, आनंद गुरु, प्रेम सिंह बागवान, प्रेम प्रसाद माथुर, मेहरबान सिंह, राजू जायसवाल, अशोक, काजल, नर्वस सिंह ठाकुर, अंतर सिंह ठाकुर, रूप सिंह ठाकुर व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।